RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 21 अंक » 239

टोंक » रविवार » 05 अप्रैल, 2026

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)


## ज्ञान के दीपस्तंभ का अमृत महोत्सव

राष्ट्रपति सम्मानित,
महान शिक्षाविद एवं समाजसेवी
जिन्होंने 56 वर्षों तक
शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण,
संस्कार और उत्कृष्टता का
अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया



## डॉ.एल.सी.भारतीय

पूर्व सदस्य, भारतीय प्रेस परिषद
अध्यक्ष, लॉयंस क्लब
स्वयं सेवी शिक्षण संस्था संघ राजस्थान
ऑल इंडिया स्मॉल एण्ड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन
संस्थापक, आकाशदीप ग्रुप ऑफ स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज
संपादक, दैनिक खबरों की दुनिया
संपादक, आकाशदीप

## आपके 75वें जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

हम आपके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं करते हैं।आपका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है।

सौजन्य से



डॉ. गोपाल शर्मा — विधायक
अरुण चतुर्वेदी — अध्यक्ष, वित्त आयोग
बृजकिशोर शर्मा — पूर्व मंत्री
पं. सुरेश मिश्रा — अध्यक्ष, युवा संस्कृति
सरदार गुरिंदर सिंह — अध्यक्ष,एआईएसएमएफ
श्रीकृष्ण शर्मा — अध्यक्ष, स्कूल समिति
प्रो. रामसेवक दूबे — पूर्व कुलपति
संत मुरलीमनोहर — कथावाचक
बनवारी लाल गौड़ — पूर्व कुलपति, आयुर्वेद विवि
डॉ. सुधीर भंडारी — पूर्व कुलपति,आरयूएचएस
डॉ. शोभा तोमर — सीईओ, निम्स
बाबूलाल शर्मा — संस्थापक,सेंट सोल्जर टोंक
डॉ. रूचिरा सोलंकी — सीईओ, टैगोर स्कूल



सुनील शर्मा — ज्ञानविहार विवि.
डॉ. रवि जूनीवाल — अपेक्स विवि.
रामस्वरूप दातोलिया — संस्कृत विद्वान, आशुकवि
मीनू भारतीय — निदेशक जनता स्कूल
डॉ. शहनाज — प्रिंसिपल, पीजी कॉलेज
डॉ. गायत्री बैरवा — प्रिंसिपल टीटी कॉलेज
अर्चना शर्मा — प्रिंसिपल आकाशदीप स्कूल
शांति वरियानी — प्रिंसिपल आकाशदीप स्कूल
सुनीता खंडेलवाल — प्रिंसिपल, जनता स्कूल
गौरव पांडे — प्रिंसिपल, फार्मेसी कॉलेज
लॉ.सुधीर बाजपेयी — प्रांतपाल 3233 ई-1
लॉ.आशुतोष वशिष्ट — सहप्रांतपाल प्रथम 3233-ई-1
लॉ.आरएस मदान — सहप्रांतपाल द्वितीय 3233-ई-1



राष्ट्रपति भवन में ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन की ओर से माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनका अभिनन्दन किया। राष्ट्रपति भवन का स्वरूप बदला हुआ नजर आया। राष्ट्रपति ने बिना किसी औपचारिकता के बिना किसी सरकारी लवाजमे के मुलाकात की। डॉ. एलसी भारतीय राष्ट्रपति को अभिनन्दन चिन्ह भेंट किया।




राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से डॉ. एलसी भारतीय ने मुलाकात कर उन्हें शॉल एवं अभिनन्दन चित्र भेंट किया। माननीय राज्यपाल को 'खबरों की दुनिया' की प्रति भी भेंट की।

प्रख्यात शिक्षाविद्
वरिष्ठ पत्रकार,
राष्ट्रपति से सम्मानित

# डॉ. एल सी भारतीय

## ने शिक्षा एवं पत्रकारिता क्षेत्र में किए 57 साल पूरे

*मैं अकेला ही चला था, जानिब-ए-मंजिल*
*मगर लोग साथ आते गए और कारवाँ बनता गया।*

पांच अप्रैल को आकाशदीप ग्रुप ऑफ स्कूल्स एंड कॉलेजेज का 56वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। पांच अप्रैल को ही इनके संस्थापक डॉ. एलसी भारतीय का जन्मदिन भी है। डॉ. भारतीय ने अपने केरियर की शुरआत कोचिंग कॉलेज से शुरू की थी। कोचिंग के साथ साथ 1972 में एक स्कूल एवं 'आकाशदीप' साप्ताहिक समाचार पत्र शुरू किया था जो निरंतर आज तक नियमित रूप से प्रकाशित हो रहा है। 1993 में 'खबरों की दुनिया' दैनिक समाचार पत्र प्रारंभ किया जो निरंतर प्रकाशित हो रहा है। 1972 में पुरानी बस्ती में शुरू किया गया आकाशदीप शिक्षण संस्थान आज वट वृक्ष का रूप धारण कर चुका है।

जयपुर शहर की विभिन्न कॉलोनियों में आज पांच सीनियर सैकंडरी स्कूल, बीएड कॉलेज, पीजी कॉलेज, लॉ कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज, एसटीसी कॉलेज, शिक्षा शास्त्री कॉलेज, एमबीए कॉलेज सहित दर्जनभर संस्थाएं संचालित हैं। फागी में विश्वविद्यालय की जमीन ली जा चुकी है। वैधानिक कार्रवाई होते ही वह भी प्रारंभ हो जाएगा। कोचिंग में एक साथ माइक से दो हजार छात्रों को पढ़ाना डॉ. भारतीय ने एक रिकॉर्ड स्थापित किया था। आज भी डॉ. भारतीय के शिष्य पूरे देश में विभिन्न पदों पर आसीन है।

### विदेश यात्राएं

डॉ. भारतीय की पहली विदेश यात्रा सोवियत रूस की थी। जहां इण्डो रूस फ्रेण्डशिप के बैनर तले सरकारी यात्रा की थी। उसके बाद 1997 में इण्डो चीन फ्रेण्डशिप के बैनर तले 15 दिवसीय चीन हांगकांग, बैंकॉक की यात्रा की। वहां राजनेताओं के साथ-साथ मीडियाकर्मियों के साथ चर्चा की। एनआरआई वेलफेयर सोसायटी के बैनर के साथ लंदन की पांच बार यात्रा की। लंदन के 'हाउस ऑफ लार्ड' में डॉ. भारतीय को सम्मानित किया गया। डॉ. भारतीय एक कुशल पत्रकार के रूप में फ्रांस की राजधानी पेरिस भी गए। जर्मनी के उन शहरों की यात्राएं की जहां अप्रवासी भारतीय अधिक संख्या में रहते थे। अमेरीका की दो बार यात्राएं की। वहां के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में भाषण दिया। सिंगापुर व मलेशिया की यात्रा कर मित्रता का संदेश दिया। नेपाल के ब्रांड एम्बेसडर होने के कारण दर्जनों बार नेपाल की यात्रा कर समरसता का रस घोल चुके हैं। इस वर्ष स्विट्जरलैंड, स्ट्रासबर्ग, दुबई, अबुधाबी सहित अनेक देशों की यात्रा की।

### लायंस क्लब के सिरमौर रहे

डॉ. भारतीय ने विश्व की सेवाभावी संस्था में 35 वर्ष पूरे कर इतिहास बनाया है। लॉयंस क्लब में रहकर एक दर्जन नए क्लब दिए। 200 नए सदस्य जोड़े, पांच बार क्लब के अध्यक्ष रहे। कई श्रेष्ठ लॉयन के अवार्ड व पद ग्रहण किए।

### पत्रकार संगठनों के अध्यक्ष

डॉ. भारतीय विगत 40 वर्ष से ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन के अध्यक्ष है। छोटे और मझोले के समाचार पत्रों के हितों के लिए संघर्षरत है। स्वयंसेवी शिक्षण संस्था संघ राजस्थान के अध्यक्ष के रूप में 50 हजार निजी शिक्षण संस्थाओं के हितों की रक्षा के लिए विगत 50 वर्ष से कार्यरत है।

### विश्वविख्यात अवार्डों से सम्मानित

डॉ. भारतीय को लंदन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन ने नेल्सन मंडेला विश्वशांति अवार्ड देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व हाउस ऑफ लाडर्स में सम्मानित किया। राष्ट्रपति ज्ञानी जेल सिंह के कर कमलों द्वारा शिक्षाविद् अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त राजस्थान गौरव अवार्ड, गुरु द्रोणाचार्य, हिन्द रत्न, राष्ट्रीय एकता, शिक्षक रत्न, गणेश शंकर विद्यार्थी सहित दर्जनों पुरस्कार प्राप्त किए। निजी क्षेत्र में राष्ट्रपति सम्मान पाने वाले पहले व्यक्ति थे।

### प्रेस कांउसिल ऑफ इंडिया के सदस्य के रूप में

डॉ. भारतीय प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य भी रहे चुके हैं। पत्रकारों की रक्षा के लिए यह भारत सरकार की संवैधानिक संस्था हैं। इससे पूर्व वे सेंट्रल प्रेस एक्रिडेशन कमेटी के सदस्य भी रह चुके हैं। इसके अलावा डॉ. भारतीय दर्जनों संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। 75 वर्ष की आयु में भी डॉ. भारतीय का विकास रथ आगे बढ़ता जा रहा है। डॉ. भारतीय की कामना है-

*खोल दो पंख मेरे अभी*
*और उड़ान बाकी है।*
*जमीन नहीं मंजिल मेरी*
*अभी तो पूरा आसमां बाकी है।*



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का अभिनन्दन करते डॉ. एलसी भारतीय।



वरिष्ठ पत्रकार व सिविल लाइन्स के विधायक डॉ. गोपाल शर्मा डॉ. भारतीय को साफा पहनाकर अभिनन्दन करते हुए।



राजस्थान के तात्कालीन राज्यपाल कलराज मिश्र को साफा पहनाकर अभिनन्दन करते डॉ. एलसी भारतीय।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का अभिनन्दन करते डॉ. एलसी भारतीय।



शिक्षामंत्री मदन दिलावर से प्रशंसा पत्र प्राप्त करते डॉ.भारतीय।



पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से समाचार पत्रों की समस्याओं के बारे में चर्चा करते डॉ. एलसी भारतीय।

RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 21 अंक » 239
टोंक » रविवार » 05 अप्रैल, 2026
पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

दैनिक
# खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017618 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

## कार ने भाई-बहन, भांजे को रौंदा, तीनों की मौत

**अलवर।** तेज रफ्तार एसयूवी कार भाई-बहन और भांजे को रौंदती हुई निकल गई। मां-बेटा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि इलाज के दौरान हॉस्पिटल में मामा की मौत हो गई। कार करीब डेढ़ सौ मीटर तक बाइक को घसीटती ले गई। घटना भरतपुर के गोपालगढ़ के पास शुक्रवार रात करीब 8 बजे हुई। हादसे के बाद मौके पर कार छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। बहन को ससुराल छोड़ने जा रहा था मृतकों में नजाकत अली (28), उसकी बहन मुस्सी (38) और भांजा मोनिस (15) शामिल हैं। नजाकत अली के जीजा इरफान ने बताया- नजाकत हरियाणा के नूंह जिले (रेहना गांव) का रहने वाला था। शुक्रवार रात करीब 8 बजे वह अपनी बहन मुस्सी को उसके ससुराल गोपालगढ़ (भरतपुर) के जोतरी गांव छोड़ने जा रहा था। उनके साथ नजाकत का भांजा मोनिस भी बाइक पर सवार था।

## नासिक में कुएं में कार गिरी, 9 मौतें

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक परिवार के छह बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी शहर के शिवाजी नगर इलाके में हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार एक बैंक्वेट हॉल में फंक्शन में शामिल होने के बाद घर जा रहे थे, तभी उनकी कार वेन्यू के पास एक कुएं में गिर गई। लोग मौके पर पहुंचे और आधी रात को दो क्रेन और तैराकों की मदद से कार और उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान सुनील दत्तू दरगुडे (32), उनकी पत्नी रेशमा, एक अन्य महिला आशा अनिल दरगुडे (32) और परिवार के छह बच्चों (पांच लड़कियां और एक लड़का) के रूप में हुई है।

## एसआई भर्ती-2021 रद्द ही रहेगी, हाईकोर्ट की एकलपीठ का फैसला बरकरार

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती (एसआई)-2021 रद्द ही रहेगी। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा की खंडपीठ ने शनिवार (4 अप्रैल) को चयनित अभ्यर्थियों और सरकार की अपीलों पर फैसला सुनाया। साथ ही सिंगल बेंच की ओर से आरपीएससी के खिलाफ लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान को रद्द कर दिया है। खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा- आयोग में राजनीतिक नियुक्तियां नहीं होनी चाहिए।

### कांग्रेस नाराज करने वाले बयान दे रही, इससे वहां भारतीयों पर मुसीबत आ सकती है

# कांग्रेस चाहती है खाड़ी देश भारत को दुश्मन समझें : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को केरलम के थिरुवल्ला में जनसभा की। उन्होंने कहा- कांग्रेस चाहती है कि वेस्ट एशियाई देश भारत को अपना दुश्मन समझें। हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें, कोई ऐसा बयान दे दें जिससे खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों को वहां से बाहर निकलने में मुसीबत आ जाए, इसलिए कांग्रेस खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है।

कांग्रेस चाहती है कि पैनिक फैले और कांग्रेस को मोदी को गालियां देने का मौका मिले। मैं कांग्रेस, DF, LDF के लोगों से कहना चाहता हूं कि राजनीति अपनी जगह पर है, चुनाव आते जाते रहेंगे लेकिन केरलम के लाखों भाई-बहन वहां हैं उनकी सुरक्षा मेरी प्राथमिकता है।

मोदी ने कहा- इस बार के चुनाव में केरलम में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की सरकार जाएगी और नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की सरकार आएगी। मैं पहले भी



केरलम आया हूं, लेकिन इस बार हवा का रुख कुछ अलग है। केरल एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। इस बार सत्ता परिवर्तन होगा।

### केरलम को बहुत फायदा, मेरा नुकसाान

पीएम मोदी ने कहा- इस चुनाव में केरलम को कुछ फायदा होने की संभावना है। लेकिन मेरे लिए पर्सनली, बहुत बड़ा नुकसान होगा। आप सोच रहे होंगे कि जब मोदी को नुकसान हो रहा है तो केरलम को कैसे फायदा हो सकता है? मतल अनूप, जो यहां चुनाव लड़ रहे हैं, पिछले पांच सालों से मेरे साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने पूरे देश में घूमकर जानकारी और जानकारी इकट्ठा की है। एक तरह से, वह मेरे पक्के साथी रहे हैं और काम के लिए मेरे दाहिने हाथ की तरह बन गए हैं।

### राज्य में डबल इंजन की सरकार से सभी रुकावटें दूर होगीं

पीएम ने कहा कि यहां सबरीमाला रेलवे प्रोजेक्ट इस इलाके में नई संभावनाएं खोल सकता है। यह सबरीमाला से सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाएगा, लोकल बिजनेस को नई रफ्तार देगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खोलेगा। जब बीजेपी की डबल इंजन वाली सरकार सत्ता में आएगी, तो ऐसी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी, यह मोदी की गारंटी है।

### केरल में युवा रोजगार के लिए परेशान

आज केरलम में युवाओं का पलायन सबसे बड़ी चिंता है। यहां रोजगार के लिए इंडस्ट्री लगाने की जरूरत है। यहां सर्विस सेक्टर बने, स्टार्टअप को जगह मिले, सही वेल्यू मिले। लेकिन यहां सबसे बड़ी दीवार करप्शन और कम्युनिलज्म है। जब ये दीवार टूटेगी तभी केरलम का विकास होगा।

### सोमवार से सभी केंद्रों पर होगी सरकारी खरीद, आवंटन दोगुना

# बारिश से खराब गेहूं भी सरकारी कांटे पर तुलेगा : बिरला

### 25 में से 11 सैंपल रिजेक्ट होने पर ऊर्जा मंत्री ने मांगा जवाब

खबरों की दुनिया

**कोटा।** कोटा में आयोजित समीक्षा बैठक में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि किसानों की उपज के संपूर्ण गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी। बेमौसम बारिश से बदरंग या सिकुड़ा हुआ गेहूं भी सरकारी कांटे पर तुलेगा। सोमवार से पूरे केंद्र चालू होंगे। आवंटन भी डबल किया जाएगा। बैठक में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बूंदी में 25 में से 11 सैंपल रिजेक्ट हुए गेहूं के सैंपल को अपने साथ लेकर आए। जिसे लेकर नागर ने अधिकारियों से जवाब मांगा।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शनिवार सुबह 9.30 बजे कोटा सर्किट हाउस में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद व्यवस्थाओं और किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों को



लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला डॉ. अंबेडकर नगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जरिए शनिवार सुबह 5.20 बजे दिल्ली से कोटा पहुंचे हैं।

बैठक में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, शासन सचिव सहकारिता डॉ. समित शर्मा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सचिव अंबरीश कुमार, राजफेड के प्रबंध निदेशक सौरभ स्वामी, कलेक्टर पीयूष सामरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

स्पीकर ओम बिरला ने शनिवार को कोटा सर्किट हाउस में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद व्यवस्थाओं और किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की।

### खराब माल सरकारी कांटे पर तुलेगा

मीडिया से बातचीत में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि समर्थन मूल्य पर फसल की खरीद को लेकर जो भी परेशानी आ रही है, उसे दूर करने के लिए अधिकारियों को कहा है। किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। आवश्यकता हुई तो आवंटन (कोटा) भी बढ़ाया जाएगा। जिन किसानों का माल ओलावृष्टि व बरसात से खराब हुआ है, उनका माल भी सरकारी कांटे पर तुलेगा।

## एसआई-भर्ती एग्जाम के पेपर बॉक्स का स्टेटस लगाया, कर्मचारी सस्पेंड

**जोधपुर।** जोधपुर में एसआई भर्ती परीक्षा-2025 शुरू होने से एक दिन पहले पेपर के बॉक्स का फोटो सामने आ गया है। एग्जाम की तैयारी में लगे कर्मचारी ने ही अपने वॉट्सएप पर बॉक्स के फोटो का स्टेटस लगाया था। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने कंप्यूटर अनुदेशक को सस्पेंड कर दिया है। मामला जोधपुर शहर का है। कर्मचारी दीपक गहलोत भोपालगढ़ तहसील के सरकारी स्कूल में कंप्यूटर अनुदेशक है। फिलहाल डेपुटेशन पर कलेक्ट्रेट में लगा हुआ है।

कर्मचारी दीपक गहलोत के वाट्सएप स्टेटस पर स्टील के बॉक्स नजर आ रहे है, जिसके अंदर एसआई भर्ती परीक्षा के पेपर है।

जोधपुर एडीएम अंजुम ताहिर शमा ने बताया कि शहर में परीक्षा के लिए 111 सेंटर बनाए गए हैं। एग्जाम के पेपर को शुक्रवार शाम स्टील के बॉक्स में पैक करवाकर कोषागार में रखवाया गया था। इस काम में कर्मचारी दीपक गहलोत लगा था। उसने पेपर को रखकर बॉक्स का फोटो लेकर अपने वॉट्सएप पर स्टेटस लगा लिया।

### मुख्यमंत्री ने वन एवं पर्यावरण विभाग की अहम बैठक ली

# रेलवे परिसंपत्ति, प्रमुख सड़कों और चारागाह भूमि में वृक्षारोपण करें : भजनलाल शर्मा

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान को 'हरियालो राजस्थान' बनाना राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। इसी दिशा में मिशन हरियालो राजस्थान के तहत आगामी मानसून सीजन में 10 करोड़ पौधारोपण किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना बनाकर इस कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वन एवं पर्यावरण विभाग के पौधारोपण लक्ष्य, चंदन वन, नमो वन एवं नमो नर्सरी स्थापना के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ पौधारोपण लक्ष्य की प्राप्ति में वन एवं पर्यावरण विभाग सहित अन्य विभागों की सहभागिता एवं सक्रियता बेहद जरूरी है। इसी क्रम में मुख्य सचिव पौधारोपण कार्य की मॉनिटरिंग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) से पौधारोपण के कार्य को प्रारंभ कर मानसून सीजन जुलाई, अगस्त व



सितम्बर माह में गति प्रदान की जाएगी। इसी क्रम में सभी विभाग पौधारोपण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्थानों का चयन, फेन्सिंग, खड्डे सहित महत्वपूर्ण कार्य तय समय से पहले पूरे कर लें। वहीं, विशेष रूप से वन विभाग इस कार्य में सभी विभागों से समन्वय बनाए रखे।

शर्मा ने कहा कि पौधारोपण के लिए स्थान चयन में राजस्व विभाग का भी सहयोग लिया जाए। वहीं, भारतीय रेलवे के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी परिसंपत्तियों में पौधारोपण की कार्ययोजना भी बनाई जाए। इसी प्रकार, प्रत्येक जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रमुख सड़कों के किनारे एवं चारागाह में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना पर काम करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिट्टी की उत्पादकता का ध्यान रखकर पौधारोपण किया जाए। उन्होंने मिशन हरियालो राजस्थान में वन विभाग को बड़ी संख्या में गूलर के वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार सीएसआर के जरिए वनरक्षक कार्यालयों को पौधों में पानी देने के लिए टैंकर जैसे संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही, इस कार्य में वृक्षमित्रों का भी पूरा सहयोग लिया जाए। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत किसानों को निःशुल्क फलदार पौधे उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री उदयपुर, सिरोही एवं बांसवाड़ा में चंदन वन की स्थापना के लिए चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर तारबंदी, ड्रिप सिंचाई जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने वन विभाग को पहाड़ी एवं वन क्षेत्रों में ड्रोन सीडिंग सहित अभयारण्य क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण के कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

## राजस्थान में 5 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे


### कोटा में आंधी से शिलान्यास कार्यक्रम का टेंट उड़ा

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान में शनिवार को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से दोपहर बाद मौसम बदला। इस दौरान कोटा, टोंक, बूंदी, दौसा और श्रीगंगानगर में बारिश के साथ ओले गिरे। अचानक बदले मौसम से



लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन फसलों को नुकसान हुआ है। कोटा जिले के डिपरी में चंबल नदी पर बनने वाले पुल के शिलान्यास कार्यक्रम का टेंट उड़ गया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति हो गई। इससे पहले शुक्रवार को बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर में ओले भी गिरे। जयपुर शहर में शुक्रवार देर शाम आए अंधड़ के कारण अलग-अलग हादसों में 2 लोगों की मौत हो गई। मौसम के इस बदलाव से दिन के तापमान में 7 डिग्री तक गिरावट हुई है। बारिश के कारण मंडी और खेतों में फसलों को नुकसान हुआ है।




### डॉ. भारतीय का 75वां जन्मदिन आज

# 151 संस्थाओं द्वारा किया जाएगा अभिनन्दन, कई संस्थाओं ने पूर्व संध्या पर किया अभिनन्दन

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राष्ट्रपति सम्मानित शिक्षाविद्, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य रहे, निजी शिक्षण संस्थाओं के संरक्षक, ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन के राजस्थान अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार, आकाशदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के संस्थापक डॉ. एलसी भारतीय का 75 वां जन्मदिन अमृत महोत्सव के रूप में रविवार को मानसरोवर स्थित आकाशदीप कॉलेज में शाम 6 बजे मनाया जाएगा। जिसमें जयपुर की विभिन्न क्षेत्रों की 151 संस्थाओं द्वारा उनका अभिनन्दन किया जाएगा। अभिनन्दन समारोह के बाद सामूहिक भोजन की











व्यवस्था की गई है। आकाशदीप ग्रुप की विभिन्न संस्थाओं ने शनिवार को भी अभिनन्दन किया जिनमें आकाशदीप पब्लिक स्कूल मानसरोवर, आकाशदीप पुरानी बस्ती, बीएड एवं पीजी कॉलेज सम्मिलित थे।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## विनायक स्कूल को मिला सम्मान



खबरों की दुनिया

**सीकर।** शास्त्री नगर स्थित विनायक स्कूल के सत्र 2025-26 में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में ओवरऑल उत्कृष्ट रिजल्ट देने पर संस्था को सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान विजय वशिष्ठ ने बताया कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड कक्षाओं की मेरिटोरियस छात्र प्रतिभाओं के सम्मान को लेकर खाटूश्यामजी में आयोजित कार्यक्रम में संस्था प्रभारी हरि प्रकाश शर्मा को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, खंडेला विधायक सुभाष मील ने संस्था को सम्मानित किया। संस्था को सम्मान देकर गौरवान्वित किए जाने पर संस्था निदेशक रमेश शास्त्री ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नवनियुक्त जिला कलक्टर मोदी ने संभाला पदभार

### खाटूश्यामजी में किए श्याम बाबा के दर्शन

खबरो की दुनिया



**सीकर।** आशीष मोदी ने शनिवार को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सीकर का पदभार ग्रहण किया। मोदी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर के निदेशक पद से स्थानांतरित होकर सीकर आएं है। इससे पूर्व जिला पुलिस विभाग द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिले में प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण उनकी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के विजन के अनुसार कार्य करते हुए जिले को आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन तथा फ्लेगशिप योजनाओं में गति लाने के साथ ही आमजन तक इनका लाभ पहुंचाया जायेगा। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर जिले की वर्तमान स्थिति का फीडबैक प्राप्त किया तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) भावना शर्मा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव,एसीईओ जिला परिषद शीशराम यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, एसडीएम निखिल कुमार, उपखण्ड अधिकारी रींगस बृजेश गुप्ता, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल, उप निदेशक सांख्यिकी डॉ. अनिल शर्मा, जिला साक्षरता अधिकारी चन्द्र प्रकाश महर्षि, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, जिला रसद अधिकारी विजेन्द्र पाल सहित जिला कलेक्टर के अतिरिक्त निजी सचिव सर्वेश माथुर, सूचना सहायक सांवर मल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## निवर्तमान कलेक्टर मुकुल शर्मा को दी भावभीनी विदाई



**निर्वतमान** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा को शुक्रवार को लोहिया रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में जिले के समस्त अधिकारियों द्वारा साफा बांधकर, माला पहनाकर, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, एडीएम नीमकाथाना भागीरथ साख सहित अधिकारियों ने शर्मा के व्यक्तित्व के बारे में बताते हुए उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने सभी में सकारात्मक भूमिका बनाकर आम आदमी को जोड़ने, संवेदशीलता एवं तत्परता से कार्य कर जन आंकाक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास किया है। समारोह में पुलिस अधीक्षक सीकर प्रवीण नायक नुनावत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीकर राजपाल यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह, सीकर उपखण्ड अधिकारी निखिल कुमार सहित अधिकारियों ने मिलनसार, विनम्र, मृदुभाषी, व्यक्तित्व के धनी एवं कार्य के प्रति समर्पित भाव रखने वाले मुकुल शर्मा के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्य करें तो हर काम आसानी से संभव हो सकते है। आपका सहयोग मिला जिससे सीकर जिले में राजस्व, कानून व्यवस्था, एसआईआर अभियान खाटूश्यामजी मेला, हरित राजस्थान, जनकल्याणकारी योजनाओं आदि में जिला अच्छे पायदान पर पहुंच पाया है। विदाई समारोह में यूआईटी सचिव जेपी गौड़, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल, सांख्यिकी उप निदेशक डॉ. अनिल शर्मा, जिला साक्षरता अधिकारी चन्द्र प्रकाश शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग सुभाष देवन्दा, जिला समन्वयक राकेश लाटा, कोषाधिकारी सीकर विक्रम सिंह, जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग, संयुक्त निदेशक कृषि प्रिया झाझड़िया,जिला परियोजना प्रबंधक, राजीविका अर्चना मौर्य, समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, जिला स्तरीय अधिकारियों ने निवर्तमान जिला कलेक्टर को माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी।

## चोरी गई बोलेरो बरामद करने पर पुलिस टीम का किया सम्मान



खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** उपजिला अस्पताल के लैब टेक्नीशियन रामचंद्र बाजिया की चोरी हुई बोलेरो गाड़ी पुलिस के अथक एवं सराहनीय प्रयासों से बरामद होने पर पुलिस टीम का सम्मान किया गया।इस अवसर पर पुलिस थाना खाटूश्यामजी के थानाधिकारी पवन चौबे,शायर सिंह, राजेंद्र,गिरधारी लाल सहित पूरी पुलिस टीम का हॉस्पिटल परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया।सम्मान समारोह की अध्यक्षता डॉ. गोगराज सिंह निठारवाल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद शर्मा ओएसडी, विधानसभाध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि राकेश लाटा उपस्थित रहे।समारोह में देशराज, दूधाराम बाजिया,मोहन बाजिया, रामचंद्र बाजिया, समुद्र सिंह शेखावत, जवाहर सिंह फलडोलिया, जितेन्द्र कुमार स्वामी, महेश फलडोलिया, बाबूलाल, श्रवण कुमार, अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। वक्ताओं ने पुलिस टीम के त्वरित, समर्पित और प्रभावी कार्य की सराहना करते हुए इसे आमजन के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता का उदाहरण बताया।

## सीकर में 37 केंद्रों पर 5-6 अप्रैल को एसआई भर्ती परीक्षा, 24 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल, प्रशासन की समस्त तैयारियां पूरी

### अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं परीक्षा समन्वयक रतन कुमार ने कहा दो पारियों में होगी परीक्षा, सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम, उड़नदस्ते, पुलिस और वीडियों टीम करेगी निगरानी

खबरों की दुनिया



सीकर 4 अप्रैल। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा एसआई प्रतियोगिता परीक्षा 2025 का आयोजन 5 व 6 अप्रैल को प्रदेश के साथ सीकर जिले में भी 37 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक दिन दो पारियों में होगी। सीकर जिला प्रशासन की ओर से एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शनिवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं परीक्षा समन्वयक रतन कुमार स्वामी ने सीकर एसके कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों पर तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

एडीएम एवं परीक्षा समन्वयक रतन कुमार ने बताया कि एसआई प्रतियोगिता परीक्षा 2025 का आयोजन सीकर जिले के 37 परीक्षा केंद्रों पर 5 अप्रैल व 6 अप्रेल को दो पारियों में होगा। उन्होंने बताया कि सीकर जिले में 24 परीक्षा केंद्र सरकारी संस्थाओं में और 13 निजी संस्थानों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों में सरकारी अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम पारी की परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी और दूसरी पारी की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। सीकर जिले में कुल 24 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत है तथा प्रत्येक पारी में 12 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के दौरान निरीक्षण एवं जांच के लिए 7 उडन दस्ता दलों का गठन किया गया है। इसके साथ ही 16 उप समन्वयक भी लगाए गए हैं। इसके साथ ही निजी शिक्षण संस्थानों में दो ऑब्जर्वर लगाए गए हैं। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक केंद्र पर दो पुलिसकर्मी जिसमें एक महिला और एक पुरुष तैनात रहेंगे। अभ्यर्थी की संख्या अधिक होने पर पुलिसकर्मी भी अधिक लगाए जाएंगे। इसके साथ ही प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो-दो वीडियोग्राफर भी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा की नकल की रोकथाम और अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम के लिए भी विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने के 1 घंटे पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच जाए ताकि उन्हें किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 1 घंटे पहले तक ही संबंधित परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा, इसके बाद किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करना होगा और वे किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग नहीं करें, क्योंकि परीक्षा के प्रति राज्य सरकार काफी गंभीर है और इस संबंध में जिला प्रशासन ने कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस की चाक–चौबंद व्यवस्था की है और परीक्षा पर एसओजी भी विशेष नजर रख रही है। परीक्षा समन्वयक रतन कुमार के निरीक्षण के दौरान परीक्षा से जुडे संबंधित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

## समाजसेवी शंकरलाल व मनोहर लाल गौड़ का छात्रावास निर्माण समिति ने किया अभिनंदन



खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति लक्ष्मनगढ की ओर से शनिवार को आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में गौड़ परिवार के प्रतिनिधि मंडल का अभिनंदन किया गया।

यह जानकारी देते हुए समिति के प्रवक्ता मनोज कुमार राकसिया ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ का अवलोकन करने पहुंचे समाजसेवी शंकरलाल, मनोहर लाल व युवा सामाजिक कार्यकर्ता सत्यनारायण गौड़ का समिति की ओर से मोतियों की माला व दुपट्टा पहनाकर एवं छात्रावास का प्रतिक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इससे पहले प्रतिनिधि मंडल ने छात्रावास के निर्माण कार्य, प्रगति, योजना, विधार्थियों के आवास, भोजन, लाइब्रेरी का अवलोकन किया तथा भावि योजनाओं से रूबरू हो छात्रावास की गतिविधियों की सराहना करते हुए युवाओं के कैरियर व भविष्य निर्माण के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ के संचालन को सार्थक व उपयोगी बताया तथा छात्रावास का अनवरत सहयोग का विश्वास दिया। उल्लेखनीय है कि शनिवार को छात्रावास पहुंचे समाजसेवी शंकरलाल गौड़ व मनोहर लाल गौड़ ने इससे पहले छात्रावास को आर्थिक सहयोग प्रदान किया था तथा भविष्य में भी अपना सहयोग करते व करवाते रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी, संयोजक सज्जन कुमार सैनी, महामंत्री महेंद्र कुमार माली, कोषाध्यक्ष झाबरमल माली, मार्गदर्शक पुरणमल राकसिया, विनोद कुमार गौड़, महावीर प्रसाद जाजम, मनोज राकसिया, गोविंद सैनी, अनिल सैनी, अंकित सैनी, युवराज सैनी, संदीप सैनी सहित समिति के पदाधिकारी सदस्य व विधार्थी मौजूद थे।

## नवनियुक्त जिला कलक्टर आशीष मोदी ने पदभार ग्रहण से पहले किए खाटूधाम में बाबा श्याम के दर्शन



खबरों की दुनिया



**खाटूश्यामजी।** कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में आशीष मोदी ने जिले का पदभार ग्रहण करने से पूर्व खाटूधाम पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में शीश नवाया। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर जिले में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की।इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने नवनियुक्त कलक्टर का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। दर्शन के दौरान प्रशासनिक अमले के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसडीएम मोनिका सामोर, रींगस एसडीएम बृजेश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष के ओएसडी प्रमोद कुमार शर्मा सहित अन्य आला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर आशीष मोदी ने मंदिर व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा का स्वागत किया

खबरों की दुनिया




**सीकर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के सीकर आगमन पर विभागीय स्तर पर भव्य स्वागत किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया और विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। निदेशक वासुदेव मालावत, उपनिदेशक सुनील कुमार जांगिड़, महिला विकास अधिकारी राजेंद्र गौसल्या व उपखंड अधिकारी मोनिका सामौर सहित अन्य कार्मिक मौजूद थे। इस दौरान विभाग की योजनाओं और प्रगति पर चर्चा की गई। मंत्री अन्नपूर्णा देवी खाटू श्यामजी व सालासर बालाजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

## माधव सागर स्थित श्री बोलता बालाजी धाम में द्वितीय दिवस की भागवत कथा में सुखदेव जी के जन्म का प्रसंग सुनाया

खबरों की दुनिया



**सीकर।** माधव सागर स्थित श्री बोलता बालाजी धाम में शनिवार को द्वितीय दिवस की कथा में कथा वाचक श्री सतपाल जी महाराज ने सुखदेव जी के जन्म का प्रसंग सुनाया धाम की मीडिया प्रभारी ज्योति तनवानी ने बताया की मंदिर के महंत सुनील तिवारी महाराज जी के नेतृत्व में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में द्वितीय दिवस पर श्री सतपाल जी महाराज ने बताया कि जीवन के तीन ताप होते हैं दैविक दैहिक भौतिक, ताप से प्रभु भजन के माध्यम से मुक्ति मिलती है महाभारत के प्रसंग में प्रवेश किया और प्रभु ने कुंती से दुख मांगा लेकिन प्रभु दुख दे नहीं पाए वहां प्रभु भीष्म पितामह के पास गए प्रभु को सामने पाकर भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्याग दिए परिश्चित का जन्म हुआ और परिश्रित को श्राप लगा कि आज से सातवें दिन तुम्हारी तक्षक नाग के कासे से मृत्यु होगी उस वक्त सुखदेव का आगमन हुआ और परिश्रित के भागवत सुनना प्रारंभ किया इस अवसर पर मुख्य यजमान समाजसेवी सुशील जी मटोलिया रहे इसी के साथ कथा में भागवतकथा वाचक पंडित अरविंद मिश्रा, राजेश माउका, पंकज मिश्रा, सुरेश पारीक, राजू जांगिड़ संतोष खंडेलवाल,कांता शर्मा,सरोज कलावटिया अर्चना पारीक, चंदा बहड,पिंकी तिवारी, सहित काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## प्रिंस स्कूल में 12वीं बोर्ड टॉपर्स का हुआ सम्मान, 10 लाख 73 हजार रू. के नकद पुरस्कार दिये गए

### 49 टॉप स्टेट रैंकर्स सहित सैंकड़ों प्रतिभाओं का अभिभावकों सहित हुआ सम्मान

खबरों की दुनिया




**सीकर।** प्रिंस स्कूल में कक्षा 12वीं राजस्थान बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में पालवास स्थित प्रिंस रेजिडेंशियल स्कूल में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टॉप-10 स्टेट मेरिट में शामिल 49 विद्यार्थियों सहित सैंकड़ों प्रतिभाओं को अभिभावकों सहित सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में 12वीं साइंस में 99.20 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली अलिशा कुमावत तथा 12वीं आर्ट्स में 99.20 प्रतिशत अंक हासिल भाविका पारीक, अनुप्रिया, हर्षिता व रक्षिता चौधरी प्रत्येक को एक-एक लाख रू. का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार 99.00 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले कुलदीप सिंह चारण, दिव्या वर्मा व काजल को 51-51 हजार रू. का नकद पुरस्कार दिया गया। 98.80 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली अलिशा बानो, कृष्णा चौधरी, एंजल, चंचल, अमन, स्नेहा, आस्था, 98.60 प्रतिशत अंक हासिल आलिया खान व आंचल फगेड़िया को 21-21 हजार रू. का नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं 98.00 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 21 विद्यार्थियों को 11-11 हजार रू. का नकद पुरस्कार दिया गया।

समारोह में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक मनोज ढाका, रामचरण यादव, प्रिंसिपल विकास केडिया, सीमा राजपुरोहित, पिंटू बराला आदि ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले कुल 870 विद्यार्थियों का माल्यार्पण, साफा पहनाकर, दीवार घड़ी, अम्ब्रेला, बैग व स्मृति चिन्ह देकर अभिभावकों सहित सम्मानित किया।

गौरतलब है कि 12वीं बोर्ड रिजल्ट में प्रिंस स्कूल के रिकॉर्ड 8 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से अधिक, 38 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक, 88 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक एवं 246 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये हैं, जो राजस्थान में सर्वाधिक है।

इस अवसर पर डा. पीयूष सुण्डा ने कहा कि सम्मानित होने वाले इन विद्यार्थियों ने न केवल बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक हासिल किये हैं बल्कि साथ-साथ कॉम्पिटिशन स्कूलिंग पैटर्न पर तैयारी कर पर्सनैलिटी ग्रूमिंग भी की है।

## सीकर में आज होगा व्याख्यान माला व रक्तदान शिविर का आयोजन

**सीकर।** शहीद गोपाल फोगावत स्मृति प्रयास के तत्वावधान में रविवार, 5 अप्रैल 2026 को शहीद गोपाल फोगावत की 21वीं पुण्यतिथि पर व्याख्यान माला एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात चिंतक श्री गौतम खट्टर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। साथ ही परम पूज्य श्री महावीर जति जी महाराज (गाड़ोदा धाम) का सान्निध्य प्राप्त होगा। व्याख्यान माला का आयोजन दोपहर 3:00 बजे से गोविन्दम् पैलेस, सालासर रोड, सीकर में होगा। वहीं रक्तदान शिविर प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाने एवं रक्तदान कर पुण्य कार्य में भागीदारी करने का आह्वान किया है।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में 1999 बैच के पूर्व छात्रों ने मनाई रजत जयंती




खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के 1999 बैच के पूर्व छात्रों ने विद्यालय छोड़ने के करीब 25 वर्ष बाद एक भावनात्मक और यादगार पुनर्मिलन कार्यक्रम आयोजित कर अपनी रजत जयंती मनाई। यह अवसर पूर्व छात्रों और वर्तमान विद्यालय परिवार के लिए बेहद खास और प्रेरणादायक रहा। पूर्व छात्रों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अमित शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकों और कैडेट्स द्वारा गर्मजोशी से किया गया। इस दौरान उन्हें विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया, जिसमें हाल ही में विकसित सुविधाएं–स्विमिंग पूल, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट और नया गर्ल्स हॉस्टल-विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

पूर्व छात्रों ने कैडेट्स के साथ संवाद कर अपने अनुभव, जीवन यात्रा और संघर्षों की कहानियां साझा कीं। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, मेहनत और अपने मूल्यों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्रों ने विद्यालय को 2 लाख की सहयोग राशि भेंट की। यह राशि प्रतिभाशाली और जरूरतमंद छात्रों के प्रोत्साहन एवं सहयोग के लिए प्रदान की गई है।

प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अमित शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व छात्रों का सहयोग संस्थान की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने इसे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी कदम बताया।

## राज बहादुर मीणा बने भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री

खबरों की दुनिया



**धौलपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा राजस्थान की नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ धौलपुर जिले के राज बहादुर मीणा को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से जिले सहित पूरे क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार घोषित कार्यकारिणी में राज बहादुर मीणा को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पर राज बहादुर मीणा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा तथा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाएगा।

राज बहादुर मीणा के प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, मध्य प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गिरिराज सिंह मलिंगा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. शिवचरण कुशवाहा, जगमोहन बघेल, विशेष आमंत्रित सदस्य श्रवण कुमार वर्मा, पूर्व विधायक सुखराम कोली, राजाखेड़ा विधानसभा प्रत्याशी नीरज शर्मा, पूर्व विधायक रानी कोली, पूर्व जिला प्रमुख पंडित किशनचंद शर्मा, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बिसंबर दयाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष बांकेलाल लोधा सहित अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## ऑपरेशन 'त्रिनेत्र' के तहत पुलिस सख्त, सीसीटीवी कैमरों से अपराधियों पर कसेगा शिकंजा



खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** जिले में अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के अंतर्गत व्यापारियों और विभिन्न संगठनों को अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि शहर में निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं एडीएफ बाड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में जिले के सभी वृत्ताधिकारी और थानाधिकारी सक्रिय रूप से अभियान में जुटे हुए हैं। वे व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। इन कैमरों को भविष्य में अभय कमांड सेंटर से भी जोड़ा जाएगा, जिससे 24 घंटे निगरानी संभव हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सकती है, जिससे बाहरी एवं असामाजिक तत्वों द्वारा आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की संभावना कम हो जाती है। साथ ही, किसी भी घटना के बाद साक्ष्य जुटाने में भी यह तकनीक बेहद कारगर साबित होती है।

जिले के प्रमुख चौराहों, होटल-ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पहले से लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए कई मामलों में पुलिस जांच को गति मिली है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती प्राप्त हुई है।

पुलिस प्रशासन ने जनसहभागिता को इस अभियान की सफलता का आधार बताते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मोहल्लों, बाजारों, मुख्य चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने में सहयोग करें।

# संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत धौलपुर में कांग्रेस की बैठक

खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान के अंतर्गत धौलपुर विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा के कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं विधायक संजय कुमार, धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा, विधानसभा समन्वयक हुक्म मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा, पूर्व सभापति कमल कंसाना सहित जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी और बूथ स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जनता को जागरूक करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 14 अप्रैल से पहले मंडल स्तर की बैठकें आयोजित कर ग्राम पंचायत अध्यक्ष और 21-21 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन कर उसे प्रदेश कांग्रेस के पोर्टल पर अपलोड करें।

विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता महंगाई, बेरोजगारी और स्थानीय समस्याओं को लेकर जनता के बीच जाकर संवाद करें। साथ ही युवाओं और महिलाओं को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

विधानसभा समन्वयक हुक्म मीणा ने कहा कि अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों और वार्डों में निर्धारित समय सीमा में संगठनात्मक ढांचा तैयार करना आवश्यक है, ताकि पार्टी की जड़ें और मजबूत हो सकें।

### सरकार पर साधा निशाना

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा, पूर्व सभापति कमल कंसाना, प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा, एससी विभाग अध्यक्ष दर्शन लाल जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष उमर फारूक, शिब्बू लोधा, सेवा दल अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा सहित कई नेताओं ने अपने विचार रखते हुए सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरा।

कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया। इस दौरान महेंद्र सिंह त्यागी, सुलेमान फारुकी, महावीर सिंह कुशवाह, अशोक कुमार, भीकम सिंह, धर्मेंद्र कुमार, मेवाराम कुशवाहा, फिरोज खान, चंदन सिंह जाटव, ओमकार लोधी, मनोज तोमर, अमर सिंह, रतन सिंह, सद्दाम खान, जनक सिंह लोधा, मुन्ना अब्बासी, इमरान खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मनियां में धूमधाम से निकली हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा, पूरा कस्बा हुआ हनुमानमय

खबरों की दुनिया

**मनियां।** कस्बे मनियां में श्रीहनुमान जन्मोत्सव कमेटी के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा उल्लास और उमंग के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान पूरा कस्बा हनुमानमय हो गया और हर ओर जय श्रीराम व हनुमानजी के जयकारे गूंजते रहे।

शोभायात्रा का शुभारंभ गोविंद बगीची स्थित हनुमान मंदिर से किया गया, जहां मंदिर के पुजारी एवं कमेटी सदस्यों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद शोभायात्रा अध्यक्ष विजेंद्र सोनी उर्फ चुन्नू सोनी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। उन्होंने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर निकाली गई इस भव्य शोभायात्रा में 41 आकर्षक झांकियां और 15 बैंड-बाजों ने भाग लिया। डोल-नगाड़ों और हनुमान भजनों की धुन पर भक्त झूमते और नाचते हुए पूरे बाजार से गुजरे।





कमेटी सदस्य हरेश सोनी ने जानकारी दी कि शोभायात्रा गोविंद बगीची हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, बर मोहल्ला, अंबेडकर पार्क, जीटी रोड, मांगरोल रोड, मैन बाजार और नेहरू पार्क होते हुए पुनः हनुमान मंदिर पर आकर संपन्न हुई।

जैकी बंसल ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कस्बे के भामाशाहों द्वारा जगह जगह स्वागत और प्रसादी वितरण की।

कोषाध्यक्ष संतोष सिंघल ने बताया कि शोभायात्रा को लेकर पूरे मनिया कस्बे को भगवा पताकाओं और आकर्षक झालरों से सजाया गया था।

कमेटी सदस्य निहाल सिंह ने बताया कि शोभायात्रा में आगरा, मुरैना, मैनपुरी, एटा, धौलपुर सहित विभिन्न स्थानों से आई झांकियों और बैंड-बाजों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर हरेंद्र सोनी, अंकुर वर्मा, राहुल वर्मा, रामजीलाल सोनी, विजय बंसल, अजय बंसल, पुष्पेंद्र सोनी, हितेंद्र सोनी, शेखर सोनी, गोविंद लोधी, दीना लोधी, घनश्याम शर्मा, डॉ. दीपक बंसल, जितेश बंसल, मनोज मंगल, हेमकिशोर कोली, राकेश शर्मा, बबलू शर्मा, सोनू गोयल, रामनिवास गुप्ता, राधे सोनी, अविनाश सोनी, अंकित सिंघल, अशोक बंसल, केदार पोसवाल, दिनेश शर्मा, लटूरचंद त्यागी, सुशील शर्मा, अमित गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## धौलपुर में पहली बार निकलेगी ज्योतिबा फुले शोभायात्रा, 11 अप्रैल को होगा आयोजन



खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के अग्रदूत राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले के जन्मोत्सव (11 अप्रैल) के अवसर पर धौलपुर में पहली बार भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर समाज में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

शोभायात्रा के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक जल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शोभायात्रा 11 अप्रैल 2026 को दोपहर 2:00 बजे भीमराव अंबेडकर पार्क, सागर पाड़ा से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पंचशील की झंडी दिखाकर किया जाएगा। समता सैनिक दल के राष्ट्रीय सचिव वी. के. कंचन बौद्ध ने बताया कि शोभायात्रा अंबेडकर पार्क से रवाना होकर महात्मा नन्द की बगीची, टाउन चौकी पुराना शहर, जगन चौराहा, लाल बाजार, सब्जी मंडी, संतर रोड, आरएसी लाइन होते हुए जिरौली स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क पर पहुंचेगी।

## राजवीर मीणा बने भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता

खबरों की दुनिया



**धौलपुर।** जिले के सरमथुरा निवासी भाजपा नेता राजवीर मीणा को भारतीय जनता पार्टी जनजाति मोर्चा (एसटी मोर्चा) राजस्थान का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पूर्वी राजस्थान के युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की सहमति से जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए राजवीर मीणा को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। राजवीर मीणा छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं और पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा सहित विभिन्न पदों पर संगठन में अपनी जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। संगठन में उनकी सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी दी गई है।

## अचानक बदले मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता, तेज हवा के साथ बारिश से फसलों पर खतरा

खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** जिले में अचानक मौसम ने करवट लेते हुए तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया, जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं।

दिनभर साफ मौसम के बाद अचानक आए बदलाव ने खेतों में खड़ी फसलों के लिए खतरे की स्थिति पैदा कर दी है। खासतौर पर गेहूं, सरसों और चना जैसी रबी की फसलें इस समय पकाव की स्थिति में हैं, ऐसे में इस बे मौसम बारिश का सीधा असर उत्पादन पर पड़ सकता है।

किसानों का कहना है कि यदि बारिश का यह दौर जारी रहा तो कटाई के लिए तैयार फसलें खराब हो सकती हैं, जिससे आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। तेज हवाओं के कारण कई जगह फसलें जमीन पर गिर गई हैं, जिससे गुणवत्ता पर भी असर पड़ने की संभावना है। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से ग्रामीण क्षेत्रों में भी हलचल बढ़ गई है। किसान अपने खेतों की ओर दौड़ पड़े और फसलों को बचाने के उपाय करने में जुट गए। हालांकि प्राकृतिक आपदा के आगे उनके प्रयास सीमित नजर आ रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय बारिश और तेज हवा फसलों के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो सकती है। उन्होंने किसानों को सतर्क रहने और मौसम की जानकारी पर नजर बनाए रखने की सलाह दी है। फिलहाल किसानों की नजर आसमान पर टिकी हुई है और वे मौसम के जल्द साफ होने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि उनकी मेहनत पर पानी न फिर जाए।

## राजाखेड़ा में कांग्रेस का 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान

खबरों की दुनिया

**राजाखेड़ा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने राजस्थान सरकार पर पंचायत और निकाय चुनावों में देरी करने के आरोप लगाए।

कार्यक्रम में राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा और बसेड़ी विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय जाटव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित बोहरा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार 'पर्ची सरकार' बनकर रह गई है और पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर पंचायत और निकाय चुनावों में देरी कर रही है, जिससे गांवों और शहरों का विकास प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव नहीं होने के कारण केंद्र सरकार से मिलने वाली करीब 19 हजार करोड़ रुपये की राशि अटकी हुई है। वहीं निकाय चुनावों में देरी से शहरी क्षेत्रों का विकास भी ठप पड़ गया है। वर्तमान में विकास कार्य केवल विधायक निधि के भरोसे चल रहे हैं, जो पर्याप्त नहीं हैं।

बसेड़ी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय जाटव ने कहा कि देश इस समय एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करने की अपील की। कार्यक्रम में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ईद मिलन समारोह हुआ आयोजित, भाईचारे और सौहार्द का दिया संदेश

खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन कांग्रेस नेता शिल्पी खान के नेतृत्व में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। समारोह में धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा मुख्य अतिथि थीं। जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गादत्त शास्त्री, पूर्व प्रधान लाखन सिंह खिंडोरा, पूर्व प्रधान धर्मेंद्र दिनकर, प्रदेश सचिव धर्मेंद्र शर्मा, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लीना शर्मा, सेवादल जिला अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, प्रदेश सचिव अमित मुद्गल, जिला उपाध्यक्ष शालिनी शर्मा रहे। जबकि अध्यक्षता शिल्पी खान ने की।

कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र लोकप्रिय टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकार रहे। इसमें नटू काका, बाघा और बावरी के किरदार निभाने वाले कलाकार शामिल हुए। इसके अलावा






बॉलीवुड अभिनेता शहजाद खान ने भी मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व पार्षद गुड्डू कुरैशी, लोकेंद्र लोधा, शिबू लोधा, बनवारी लाल जाटव, उमर फारूक, महावीर कुशवाह, नूर धौलपुरी, चांद धौलपुरी, चौधरी लाईलोन कुरैशी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन धनेश जैन ने की।

शोभा रानी कुशवाहा (विधायक) ने कहा कि ईद का त्योहार हमें आपसी प्रेम, त्याग और भाईचारे की सीख देता है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं और हमें एकजुट रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि मैने सदैव जनता की सेवा की है और आगे भी सेवा करती रहूंगी। आज इस बेटी को सभी आशीर्वाद दो।

अभिनेता शहजाद खान ने कहा कि धौलपुर आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। यहां के लोगों का प्यार और अपनापन दिल छू लेने वाला है। यह शहर सच में कौमी एकता की मिसाल है।

नेता धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि ईद का यह पावन अवसर हमें एक-दूसरे के करीब आने और दिलों की दूरियां मिटाने का संदेश देता है। धौलपुर की पहचान हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की रही है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। मैं शिल्पी खान को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई देता हूं, जिन्होंने सभी को एक मंच पर लाने का सराहनीय प्रयास किया है।

युवा नेत्री शिल्पी खान ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल त्योहार मनाना नहीं, बल्कि समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाना है। मेरे प्यारे धौलपुर वासियों, आप सभी के बीच अपने घर लौटकर जो खुशी और अपनापन महसूस हो रहा है, उसे शब्दों में बयां करना आसान नहीं है। बम्बई की भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच भी मेरा दिल हमेशा धौलपुर में ही बसता है। धौलपुर सिर्फ मेरा शहर नहीं, बल्कि मेरी पहचान और मेरी ताकत है। यहां के लोगों का प्यार, अपनापन और भरोसा ही मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मैं जहां भी जाती हूं, गर्व से कहती हूं कि मैं धौलपुर की बेटी हूं। आज जिस तरह आप सभी ने मुझे इतना स्नेह और सम्मान दिया है, वह मेरे लिए सबसे बड़ी पूंजी है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि मैं हमेशा धौलपुर के विकास, यहां की खुशहाली और आप सभी के हितों के लिए पूरी निष्ठा से काम करती रहूंगी। आपका साथ और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## निशानेबाज राधिका के सपनों को लगेंगे पंख, विधायक ने 2 लाख की गन भेंट की



खबरों की दुनिया

**देवली।** देवली क्षेत्र के पोल्याड़ा निवासी महावीर मीणा की पुत्री राधिका के सपनों को नई उड़ान देने के लिए देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने 2 लाख रुपए की गन भेंट की है।

राष्ट्रीय निशानी बाजी में पदक हासिल करने वाली राधिका मीणा को इन मिलने से राधिका को एशियाई और ओलंपिक की तैयारी करने का अवसर मिलेगा। इस मामले में कमल शर्मा ने देवली दौरे के दौरान विधायक राजेंद्र गुर्जर से राधिका मीणा के साथ पिता महावीर मीणा एवं पुलिसकर्मी माता शकुंतला मीना को मिलवाकर राधिका को एशियाई व ओलम्पिक खेलों की तैयारी हेतु इन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया था। विधायक ने राधिका को गन भेंट कर देश के लिए पदक जीतने का आशीर्वाद दिया।

## पांच लाख रूपये अवैध मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

खबरों की दुनिया



**टोंक।** जिला स्पेशल टीम द्वारा जिले में लगातार फैल रहे नशे के विरुद्ध कार्रवाइयों को जारी रखने को लेकर कस्बा नगरफोर्ट में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए आरोपी मनीष पाराशर के कब्जे से 3 लाख कीमत का लगभग 5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं 2 लाख कीमत का 22 किलोग्राम भांग बरामद की गई है। जिला स्पेशल टीम के ओम प्रकाश ने बताया कि आरोपी के कब्जे से खरीद फरौख्त की 21 हजार नकद राशि, एक मोबाइल जप्त आरोपी मनीष पुत्र रतन लाल पाराशर (30) निवासी नगरफोर्ट थाना नगरफोर्ट जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी काफी लंबे समय से नगरफोर्ट कस्बे में छोटे-छोटे पैकेट बनाकर गांजा सप्लाई करता था। जिला स्पेशल टीम की इस कार्रवाई से टोंक में चल रहे नशे के कारोबार को बड़ा झटका लगा है। जिला स्पेशल टीम द्वारा भविष्य में भी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

## भारत विकास परिषद के संजय जैन अध्यक्ष, नीरज जैन सचिव एवं मनीषा जैन महिला प्रमुख चुने गए



खबरों की दुनिया

**देवली।** भारत विकास परिषद देवली की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष संजय जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की विभिन्न गतिविधियों एवं सत्र 2026 से 28 के लिए नवीन कार्यकारिणी के गठन पर विचार विमर्श किया। तदुपरांत बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से राजेंद्र शर्मा व बनवारी गुप्ता को संरक्षक, संजय जैन को अध्यक्ष, मोहित मंगल व डॉ. गौरव व्यास को उपाध्यक्ष, नीरज जैन को सचिव, हुकुमचंद टेलर को कोषाध्यक्ष, पारस जैन व रोशन गोयल को संयुक्त सचिव, दिनेश जैन लुहाड़िया को प्रकल्प प्रमुख तथा मनीषा जैन बिलाला को महिला प्रमुख मनोनीत किया गया। अंत में संगठन की आगामी गतिविधियों एवं योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान सुरेश अग्रवाल, सुरेंद्र नामा, पंकज जैन (सराफा), नवनीत गोयल, राजेंद्र शर्मा, अंकित जैन (डाबर), जिनेंद्र बिलाला, राकेश गोयल (बस्ता) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## देवली के वसीम को उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान

खबरों की दुनिया

**देवली।** देवली के एमटी मोहम्मद वसीम खान को 108 एंबुलेंस सेवा में मरीजों को त्वरित सहायता पहुंचाने और उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया है। नेशनल ईएमटी डे के अवसर पर अजमेर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अजमेर की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा ने वसीम खान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र व मेडल सौंपकर सम्मानित किया। टोंक जिले से इस उपलब्धि को हासिल करने वाले विशिष्टकर्मी वसीम खान पुत्र नसीम खान, देवली के भिश्ती मोहल्ला, चर्च रोड निवासी हैं। गौरतलब है कि 2 अप्रैल को



नेशनल ईएमटी डे पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अजमेर जोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जिलों के उन चुनिंदा कर्मियों को बुलाया गया था, जिन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों में उत्कृष्ट कार्य किया है।

### अविकानगर संस्थान के मरू क्षेत्रीय केंद्र बीकानेर का 53वां स्थापना दिवस किसान वैज्ञानिक संगोष्ठी आयोजन कर मनाया

# भेड़ पालन के वैज्ञानिक प्रबंध के लिए किसानों में प्रशिक्षण से होगी जागरूकता : डॉ. अरुण कुमार







खबरों की दुनिया

**मालपुरा।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर के मरूक्षेत्रीय केंद्र बीकानेर का 53वां स्थापना दिवस शनिवार को किसान वैज्ञानिक संगोष्ठी के साथ मनाया गया। जिसमे मुख्यअतिथि डॉ वी पी पुनिया निदेशक राष्ट्रीय ऊंट अनुसन्धान संस्थान बीकानेर, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार तोमर निदेशक अविकानगर संस्थान, विशिष्ट अतिथि सीएओ इंद्रभूषण कुमार एवं प्रभारी केंद्र निर्मला सैनी रहे।

निर्मला सैनी द्वारा केंद्र द्वारा किसानों के लिए की जा रही गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। निदेशक डॉ अरुण कुमार द्वारा अपने संस्थान के साथ सभी केंद्र द्वारा पिछले वर्ष किये गये अच्छे कार्य के लिए सभी की प्रशंसा की एवं भविष्य मे भेड़पालन के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए किसानो को प्रशिक्षण के साथ जागरूकता पैदा करने का निवेदन किया। तथा उन्होंने बताया कि भेड़पालन को किसान के लिए एटीएम उपयोगिता को तो हम अच्छे से किसान को समझा पाये। लेकिन अब उनको ये बताने की सख्त आवश्यकता है कि बकरी पालन की तुलना मे भेड़पालन मे भेड़ो की चराई करना आसान है व बकरी की तुलना मे भेड़ वजन मे जल्दी तैयार होती है एवं भेड़पालन मे भेड़ को बकरी क़ी उपेक्षा कम संसाधन मे भी पालकर अच्छा वजन लिया जा सकता है। भेड़ का मेमना तीन महीने मे जो वजन लेता है वो बकरी का बच्चा पांच से छ महिने मे ले पाता है। मुख्य अतिथि द्वारा भी संस्थान के किसान हितेषी कार्य क़ी प्रशंसा की एवं बीकानेर क्षेत्र मे मिलकर कार्य करने का निवेदन किया। जिससे एक साथ किसान के दोनों पशुओ भेड़ एवं ऊंट पर कार्य किया जा सके।

कार्यक्रम मे 80 से अधिक किसान लुकरणसर, कोटडी, गोलरी व गाढ़वाला से अनुसूचित जाति उपयोजना मे सम्मिलित होकर अपने विचार एवं समस्या पर विस्तार से संवाद वैज्ञानिको ओर किसानो के बीच हुआ। स्थापना दिवस के अवसर पर उर्मूल सीमांत समिति बज्जू एवं अविकानगर संस्थान के केंद्र के बीच ऊन की गुणवत्ता एवं उत्पाद विषय पर एमओयू किया। केंद्र के दो पब्लिकेशन 'कृषक सफलता की कहानी' एवं 'प्रसार पत्र' के फोल्डर का भी विमोचन कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा किया गया। पधारे अतिथियो द्वारा केंद्र के प्रवेश द्वार का उद्धघाटन करते हुए कैंपस मे पोधेरोपण भी इस अवसर पर किया गया। एक्सटेंशन कार्यक्रम के सफल आयोजन मे डॉ विजय कुमार, डॉ आशीष चोपड़ा, डॉ अशोक कुमार, डॉ गोविन्द मकराना एवं डॉ चेतन पाटिल, आदि द्वारा आवश्यक सहयोग किया गया। धन्यवाद ज्ञापन इंद्र भूषण कुमार द्वारा दिया गया। अविकानगर के मीडिया प्रभारी डॉ अमरसिंह मीना ने जानकारी दी।

## 90 लाख के साइबर फ्रॉड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

### फर्जी लिंक एवं सौ से अधिक फर्जी सिम कार्ड के जरिए करते थे ठगी

खबरों की दुनिया

**टोंक।** जिला स्पेशल टीम द्वारा पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे हैं साइबर अपराध के विरुद्ध ऑपरेशन हंटर के तहत देर रात पुलिस थाना पुरानी टोंक क्षेत्र में दो साइबर फ्रॉड के आरोपियों को डिटेन कर आरोपियों से लगभग 90 लाख के साइबर फ्रॉड का खुलासा किया गया। जिला स्पेशल टीम के प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना पुरानी टोंक पर साइबर अपराध की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाकर आरोपी नमोनारायण उर्फ नमो पुत्र रामफूल मीणा (19) निवासी चतरपुरा थाना उनियारा एवं आकाश पुत्र रामेश्वर मीणा (20) निवासी खोहल्या थाना बनेठा जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया।

दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है, साथ ही साइबर नेटवर्क की गहनता से जांच भी की जा रही है।




आरोपियों के कब्जे से कई पासबुक, एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, कई मोबाइल, साथ ही दो महंगी पावर बाइक यामाहा एवं अपाचे आरटीआर भी जप्त की गई है।

दोनों आरोपियों के मोबाइल फोनों की जांच में अभी तक आरोपियों द्वारा करीबन सौ से अधिक फर्जी सीम का उपयोग करना पाया गया है, जो कि अलग-अलग नाम से सिम इशू करा कर साइबर फ्रॉड को अंजाम देते थे। दोनों ही आरोपी काफी लंबे समय से फर्जी टेंड लिंक, सेक्सटॉर्शन, फर्जी बीमा कंपनियां के माध्यम से टेलीग्राम व व्हाट्सएप 'एप' से लिंक भेज कर आम जनता को मोटी रकम का लालच देकर साइबर फ्रॉड करते आ रहे थे।

दोनों आरोपियों के विरुद्ध राष्टीय साइबर अपराध एनसीआरपी पोर्टल पर करीब 21 ऑनलाइन शिकायतें दर्ज होना पाई गई। जिस पर जिला स्पेशल टीम इस सटीक कार्रवाई से नाकाम किया गया है। ऑपरेशन हंटर के तहत साइबर अपराध के विरुद्ध जिला स्पेशल टीम द्वारा भविष्य में भी कड़ी कार्रवाइयों को अंजाम दिया जाएगा।

## सड़क निर्माण के दौरान पाइप लाइन टूटी, कस्बे में पेयजल आपूर्ति ठप



खबरों की दुनिया

**बनेठा।** कस्बे में चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही के चलते पाइप लाइन टूटने से शुक्रवार शाम को हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। पाइप लाइन टूटने से कस्बे के कई मोहल्लों में शनिवार सुबह के समय पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, रायल्टी चौराहे से ईसरदा बांध तक सड़क चौड़ाईकरण और निर्माण का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार शाम सड़क पर सड़क किनारे विलायती बबूल हटाने के दौरान जेसीबी मशीन की टक्कर से मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइप लाइन टूटते ही सड़क पर पानी का सैलाब उमड़ पड़ा और काफी देर तक कीमती पानी बेकार बहता रहा।

पाइप लाइन टूटने की सूचना मिलते ही जलदाय विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार दोपहर तक क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को दुरुस्त किया। लाइन ठीक होने के बाद विभाग ने राहत की सांस ली और पेयजल आपूर्ति बहाल करने की प्रक्रिया शुरू की।

## केबल चोर को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया

**देवली।** हनुमान नगर थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर केबल चोरी करने वाले व्यक्ति को केबल चोरी करते रंगे हाथों पकड़कर पुलिस से माल बरामद कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी अनुसार नन्दलाल कुम्हार पिता हीरालाल कुम्हार उम्र 55 साल निवासी देवली विनोद, बालुलाल, कैलाश, परमेश, कन्हैयालाल व सुरेश के साथ थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट देते हुए बताया कि मेरी ज्योति कालोनी स्थित केबिन के सोलर की केबल 50 फीट, विनोद मीणा के केबिन 100 फीट की दो केबिल, मोरला बायपास कुएं से बालू लाल मीणा पिता कजोडमल मीणा बोरिंग की 400 फिट केबल, मोरला गांव से कैलाश चंद सुवालका अजमेर बाईपास पर 20 फीट मकान की वायरिंग काटी तथा कन्हैयालाल माली की मोटर की केबल भी काट ली गई।

लोगों ने केबिल चोरी करते परमेश को रंगे हाथ पकडा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को सौंप दी है।

## बनेठा क्षेत्र में ओलावृष्टि ने ढाया कहर, किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

खबरों की दुनिया

**बनेठा।** क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में छाए घने बादलों के बीच हुई बिना बारिश ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

बनेठा सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में बारिश के साथ साथ ही ओलावृष्टि हुई। अचानक हुई इस प्राकृतिक आपदा से फसलों को नुकसान होने की आशंका है। बनेठा, सरदारपुरा, रूपपुरा, रमजानगज, किशनगंज,फतेहगंज, सूथड़ा, सेदरी और सेदरी कैरोद सहित कई गांवों में दोपहर बाद अचानक गर्जना शुरू हुई। देखते ही देखते बोरडी के बोर (बेर) के आकार के बड़े-बड़े ओले गिरने लगे।

ओलावृष्टि इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में खेतों और रास्तों पर ओलों की चादर बिछ गई। बनेठा कस्बे में तो बिना बारिश के ही





केवल तेज गर्जना के साथ ओले गिरे, जिससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। खेतों में इस समय गेहूं और सरसों की फसलें या तो पककर तैयार खड़ी हैं या काटकर रखी गई हैं। ओलों की मार से गेहूं, चना, सरसों और सब्जियों की फसलों को सर्वाधिक नुकसान पहुँचा है। किसानों का कहना है कि ओलों ने फसल की बालियों और फलियों को पूरी तरह झड़ दिया है, जिससे जमा-पूंजी डूबने का खतरा पैदा हो गया है।

परेशान किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द फसल खराबे का सर्वे करवाकर उचित मुआवजे की मांग की है। अन्नदाताओं का कहना है कि यदि मौसम का मिजाज ऐसा ही रहा, तो बचा-कुचा अनाज भी हाथ नहीं आएगा।

## होटल में सो रहे व्यक्ति पर जानलेवा हमले का मामला दर्ज

**देवली।** हनुमान नगर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने में मामला दर्ज करवाकर आरोप लगाया है कि वह होटल में सो रहा था। इसी दौरान राजस्थान सरकार लिखी हुई मेजर गाड़ी में आए हमलावरों ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित भोजाराम पुत्र रामदेव गुर्जर निवासी हनुमान नगर ने रिपोर्ट में बताया कि राधाकृष्ण मंदिर निर्माण के संकल्प को लेकर वह 23 मार्च की रात को दिव्या होटल हाईवे पर सो रहा था। रात करीब 11 से 11:30 बजे के बीच भागीरथ गुर्जर पुत्र नाथूलाल गुर्जर निवासी कुंचलवाड़ा कलां ने अपने अन्य साथियों के साथ अचानक कमरे में घुसकर मेरे ऊपर लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में मेरे बाएं हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर होटल कर्मचारी भगवान सिंह राजपूत बचाव के लिए आए, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी कई बार जानलेवा हमला कर चुके हैं और रसूखदार होने के कारण उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही थी। घटना के बाद आरोपी राजस्थान सरकार लिखी हुई एक मेजर गाड़ी में बैठकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच मुख्य आरक्षी शंकर लाल को सौंपी गई है। पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुट गई है और हमले के पीछे के पुराने विवादों की पड़ताल कर रही है।

## श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्त सुदामा के चरित्र से दिया संदेश

खबरों की दुनिया

**देवली।** देवली शहर के एजेंसी एरिया में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण के विश्राम दिवस पर कथा वाचक पंडित बनवारी लाल शास्त्री एजेंसी वालों ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य अवतारों और उनकी अलौकिक लीलाओं का वर्णन किया। मुख्य यजमान लक्ष्मण लाल जाट और डॉ. नवनीत चौधरी ने बताया कि कथा के अंतिम सत्र में कामदेव के प्रद्युम्न रूप में प्राकट्य, रति द्वारा पति सेवा और शम्बरासुर वध के प्रसंगों का सजीव वर्णन किया गया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के अन्य विवाहों की कथा और भीम के माध्यम से जरासंध के वध की घटना सुनाई गई। राजसूय यज्ञ के दौरान श्रीकृष्ण की अग्र पूजा और अहंकारी शिशुपाल के उद्धार का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। नारद जी का द्वारिका के महलों में विचरण और हर महल में प्रभु को अलग-अलग लीलाओं में लीन देखकर उनकी





शंकाओं के समाधान ने भगवान की सर्वव्यापकता को सिद्ध किया। भक्त सुदामा के प्रसंग पर चर्चा करते हुए पं. बनवारी लाल ने एक मार्मिक सत्य उजागर किया। उन्होंने कहा कि हम अज्ञानता वश सुदामाजी को गरीब कहते हैं, लेकिन वास्तव में वह दरिद्र नहीं, बल्कि महान ऐश्वर्यशाली थे। जिसे जगत के स्वामी स्वयं अपने सिंहासन पर बैठाकर अपने अश्रुओं से चरण धोते हों, वह व्यक्ति निर्धन कैसे हो सकता है। नरोत्तमदासजी के प्रसिद्ध पद 'शीश पगा न झगा तन पे' के माध्यम से सुदामा चरित्र का भावपूर्ण चित्रण किया गया, जिसने पांडाल में उपस्थित हर भक्त की आंखें नम कर दीं। इस अवसर पर महेश नर्सिंग होम व महेश्वर हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन डॉ. राघव जिंदल भी कथा श्रवण करने पहुँचे। उन्होंने व्यास पीठ की वंदना की और कथा वाचक का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा वाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की दैनिक चर्या का उदाहरण देते हुए यह महत्वपूर्ण शिक्षा दी कि प्रत्येक मनुष्य को प्रतिदिन ध्यान और योग के माध्यम से स्वयं को खोजने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। कथा के अंत में यदुवंश के संहार और भगवान के अपनी लीला पूर्ण कर श्रीमद्भागवत में प्रतिष्ठित होने का वर्णन किया गया। कलियुग में भगवत कृपा की महिमा बताते हुए भक्त धन्ना जाट के चरित्र का उदाहरण दिया गया। उनके जीवन से यह प्रेरणा मिली कि यदि हमारा उद्देश्य पवित्र हो, तो सामान्य से सामान्य कर्म भी ईश्वर की सच्ची उपासना बन जाता है। श्रीमद्भागवत का आश्रय लेकर ही जीवात्मा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को प्राप्त कर सकती है। समापन अवसर पर आरती और प्रसाद वितरण के साथ भक्तों ने श्रद्धापूर्वक विदाई ली।

# बीसलपुर बांध के विस्थापितों के धरने में पहुंचे नरेश मीणा, बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

खबरों की दुनिया




**देवली।** बीसलपुर विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति द्वारा बांध की भराव क्षमता बढ़ाने के विरोध में दिए जा रहे धरने के 102वें दिन देवली उनियारा विधानसभा से चुनाव लड़ चुके प्रत्याशी नरेश मीणा ने पहुंचकर विस्थापितों का समर्थन किया, वहीं बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। नरेश मीणा ने विस्थापितों से बातचीत के दौरान सरकार व प्रशासन की कार्य शैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जल्द ही इस मामले का समाधान नहीं करने पर वह इसको बड़े आंदोलन का रूप देंगे। नगर फोर्ट से कोटा जाते समय बीच में रुके नरेश मीणा ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज की इस तरह अनदेखी करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि तीन महीने से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी शासन-प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। मीणा ने बांध की क्षमता बढ़ाने के निर्णय को स्थानीय हितों के खिलाफ बताते हुए कहा कि इस परियोजना से करीब 68 गांव डूब क्षेत्र में आ जाएंगे, जिससे हजारों लोगों का जीवन और रोजगार प्रभावित होगा। उन्होंने स्थानीय लोगों की मांगों को जायज ठहराते हुए जल्द ही एक निर्णायक रणनीति तैयार कर विरोध प्रदर्शन तेज करने का आह्वान किया। धरने को संबोधित करने के दौरान नरेश मीणा ने क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं और गाद के नाम पर चल रहे अवैध गोरखधंधे के खिलाफ भी मोर्चा खोलने की बात कही।

उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर भ्रष्टाचार और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। करीब 20 मिनट तक धरनार्थियों के साथ समय बिताने और उनका हौसला बढ़ाने के बाद वह कोटा के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष पांचूलाल मीणा, पूर्व अध्यक्ष यादराम मीणा, कुलदीप सिंह मीणा और बंशी मीणा सहित ग्रामीण उपस्थित थे। जाते-जाते उन्होंने देवली में आगामी अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में भी शिरकत करने की बात कही।

खबरों की दुनिया

## एक नजर

## शीला राजकुमार मीणा को एसटी मोर्चा की प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी मिली

खबरों की दुनिया



**देवली।** देवली शहर के पटेल नगर निवासी शीला राजकुमार मीणा को भाजपा एसटी मोर्चा की प्रदेश मंत्री की नई जिम्मेदारी मिली है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष यज्ञपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने बोटुंदा की पूर्व सरपंच व टोडा रायसिंह की पूर्व प्रधान शीलाराजकुमार मीणा को एसटी मोर्चा का प्रदेश मंत्री मनोनीत किया है। भाजपा एसटी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा व कन्हैयालाल चौधरी का आभार जताया है।

## बालाजी की सजाई आकर्षक झांकी, दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़

खबरों की दुनिया



**निवाई।** बस स्टैंड बालाजी भक्त मण्डल के सानिध्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बालाजी महाराज की 56 भोग की मनमोहक झांकी सजाकर मण्डल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी। मण्डल विमल जौंला एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि महोत्सव पर मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेश चौधरी गुरुजी एवं आलोक मीणा ने बालाजी महाराज की दीप ज्योति जलाकर पूजा अर्चना की एवं विश्व में शांति की कामना के लिए सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, रामचरित मानस पाठ, संकीर्तन, हवन, सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। मण्डल के कमलेश जैन एवं मोनू चंवरिया ने बताया कि बस स्टैंड बालाजी मंदिर परिसर को विद्युत लाईटों से डेकोरेशन करके सजाया गया एवं पण्डित परशुराम शर्मा के सानिध्य में हनुमानजी महाराज की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सीताराम शर्मा, दिनेश टोडवाल, योगेन्द्र जैन, पंकज साहू, इन्द्रजीत शर्मा, राहुल बैरवा, बंटी परिडवाल, अरविन्द टोडवाल, पदम सिरस, रामू चौधरी, मुकेश जांगीड़, रचित वर्मा, शेरु सिन्धी, महावीर विजय, गिरीश सिन्धी, हेमराज नमक, सत्यनारायण चौधरी व दामोदर सारण सहित कई भक्त मौजूद थे।

### विष्णु प्रजापत ने जीता ब्रोंज मेडल

## स्किल इंडिया 2025-26 राष्ट्रीय प्रतियोगिता का ग्रेटर नोएडा में हुआ था आयोजन

खबरों की दुनिया




**निवाई।** ग्रेटर नोएडा में आयोजित पांच दिवसीय स्किल इंडिया 2025-26 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निवाई उपखंड के गांव जगतपुरा के छात्र विष्णु प्रजापत ने तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल जीता है। छात्र के कोच कुलदीप सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्किल प्रतियोगिता में देश के कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। छात्र विष्णु प्रजापत ने अपनी दक्षता एवं परियोजनाओं का सफल प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान अर्जित कर कांस्य पदक हासिल किया है। उन्होंने बताया कि इनमें से चयनित प्रतिभागी चीन के शंघाई में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक संपन्न




## सम्मेलनों से समय व धन की होती है बचत : बिरधीचन्द कोठोत्या

खबरों की दुनिया

**निवाई।** अखिल हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद कोठोत्या व राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा सरसिनिया के सानिध्य में अखिल हरियाणा गौड़ ब्राह्मण छात्रावास में बैठक आयोजित हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए धन की कोई कमी नही है।

उन्होंने कहा कि सम्मेलनों से समय व धन की बचत होगी है। महासभा अध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया व छात्रावास समिति अध्यक्ष सियाराम भौंगा ने बताया कि 1 मई को आयोजित सम्मेलन को लेकर बैण्ड-बाजा, घोडी, पंडित, टेन्ट व हलवाई सहित कई व्यवस्थाएं की गई है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को लेकर करीब 8 लाख रूपए की सहयोग राशि प्राप्त हुई है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शंभूलाल कुईवाले, प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण काजला, सहकोषाध्यक्ष गोपाललाल शर्मा, बंशी बौहरा, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेशचन्द मावा, युवा कार्यकारी अध्यक्ष सुनिल शर्मा, जयपुर अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा, महासभा जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया, तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, तहसील अध्यक्ष गोपीलाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा, सियाराम भौंगा व जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यायिक अधिकारी ने काउंसलिंग व विधिक जागरूकता के साथ बाल विवाह रूकवाया






खबरों की दुनिया

**देवली।** देवली उपखंड के हिसामपुर गांव में नाबालिग लड़के एवं लड़की के विवाह की सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए न्यायिक अधिकारी ने काउंसलिंग एवं विधिक जागरूकता के साथ बाल विवाह को रुकवाया। तालुका विधिक सेवा समिति देवली के सचिव विजय गोड ने बताया कि तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्ष मीना को हिसामपुर गांव में नाबालिग बच्ची एवं बच्चों के विवाह की सूचना मिली।

मजिस्ट्रेट हर्ष मीना ने त्वरित संज्ञान लेकर काउंसलिंग और विधिक जागरूकता की प्रक्रिया शुरू करते हुए विधिक जागरूकता दल के सदस्य महिला काउंसलर भगवान कंवर को उनके घर भेजा गया। काउंसलर ने परिजनों को बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुप्रथा और दंडनीय अपराध है, जिसके नाबालिग के जीवन, शिक्षा और स्वास्थ्य पर दूरगामी दुष्परिणाम होते हैं। उन्होंने बताया कि बाल विवाह के कारण बच्चो की शिक्षा बाधित होती है। कम उम्र में गर्भधारण से मातृ स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, घरेलू हिंसा, शोषण और जबरन श्रम जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। तालुका अध्यक्ष ने बताया कि बालिका की इच्छा पर विभिन्न हितधारकों और प्रशासन के समन्वय से नालसा आशा योजना के अंतर्गत बालिका के लिए रोजगार और पुनर्वास की व्यवस्था की जा सकती है। सचिव ने आमजन से अपील की कि बाल विवाह से संबंधित किसी भी सूचना पर तुरंत नालसा हेल्पलाइन 15100 या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## रामप्रसाद मीणा एसटी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोनीत, मंडल सदस्यों ने किया स्वागत



खबरों की दुनिया

**देवली।** भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की सहमति से धुंवाला निवासी एवं भाजपा एसटी मोर्चा के पूर्व भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मीणा को प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोनीत किया है। रामप्रसाद मीणा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनने की सूचना मिलते ही भाजपा गाडौली मंडल के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा एवं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का आभार जताते हुए रामप्रसाद मीणा का फूलमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मीठा मुंह करवाते हुए प्रदेश नेतृत्व का भी आभार जताया। स्वागत करने वालों में गाडोली मंडल के पूर्व अध्यक्ष ब्रजराज सिंह खींची, धूंवाला सरपंच सीमा देवी, पूर्व सरपंच रामसिंह मीणा, जयसिंह मीणा, खेमराज मीणा सरसिया, धनराज मीणा मोरला, जगदीश, रंगलाल, लेखराज, मनोज, अजय, बाबू लाल, राजेश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## देवली निवासी माया सुवालका को अलवर जिले का सह प्रभारी बनाया गया

खबरों की दुनिया



**देवली।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए सभी जिलों में जिला प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाए गए। प्राप्त जानकारी अनुसार कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने देवली निवासी कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव माया सुवालका को अलवर जिले का सह प्रभारी बनाकर संगठन को मजबूत करने हेतु निर्देशित किया है।

माया सुवालका के अलवर जिला सह प्रभारी मनोनीत होने पर कई लोगों ने माया सुवालका को बधाई दी है।

## निवाई में जैन मुनि नाभि नन्दी महाराज का हुआ मंगल प्रवेश

खबरों की दुनिया



**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में परम पूज्य आचार्य इंद्रनंदी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि नाभि नन्दी महाराज का निवाई में मंगल प्रवेश हुआ। मीडिया प्रभारी विमल जौंला एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि जैन मुनि नाभि नन्दी महाराज का विहार टोडारायसिंह से निवाई के लिए चल रहा है। मुनिश्री का शुक्रवार को रात्रि विश्राम रजवास में हुआ, इस दौरान शनिवार को सुबह गाजे बाजे के साथ पहाड़ी चुंगी नाके से निवाई शहर में मंगल प्रवेश हुआ। मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा ने बताया कि मुनि नाभि नन्दी महाराज पहाड़ी चुंगी नाका से रवाना होकर वैयरहाऊस, बस स्टैंड, चंद्र प्रभु मंदिर, अहिंसा सर्किल, भगवान महावीर मार्ग होते हुए श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर पहुंचे जहां मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने पाद प्रक्षालन कर अगुवानी की। जौंला ने बताया कि अग्रवाल जैन मंदिर पहुंचने पर मुनि नाभि नन्दी महाराज ने आचार्य इन्द्र नन्दी महाराज के तीन परिक्रमा लगाकर चरण वंदना की। इस दौरान रामपाल चंवरिया, विष्णु बोहरा, नवरत्न टोंग्या, चेतन जैन, महेंद्र चंवरिया, अशोक भाणजा, मनोज पाटनी, संजय जैन, अजय जैन, पिंकू जैन, नरेश हथौना, महेंद्र जैन, ज्ञानचंद मित्तल सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रगणक आज मतदान केन्द्रों पर निर्वाचक नामावलियों में दावे-आपत्ति प्राप्त करेंगे

खबरों की दुनिया

**टोंक।** नगर निकायों के आगामी चुनाव के लिए निर्वाचक नामावलियों हेतु विशेष तिथि आज प्रगणक मतदान केन्द्रों पर प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक उपस्थित रहकर निर्वाचक नामावलियों के संबंध में दावें-आपत्ति प्राप्त करेंगे। निर्वाचक नामावलियों में दावें- आपत्ति प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 7 अप्रेल 2026 है। निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 22 अप्रेल 2026 को किया जायेगा। एडीएम रामरतन सौकरिया ने बताया कि वर्तमान निर्वाचक नामावली अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के अनुसार तैयार की गई है। निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में किया जा रहा है। ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सची में नही है एवं उनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो गई है, ऐसे मतदाता अपना नाम निर्वाचक नामावली में पंजीकृत करवा सकतें है।

## देवधाम जोधपुरिया में ट्रस्ट की बैठक आज

खबरों की दुनिया

**निवाई।** देवधाम जोधपुरिया में आज को सुबह 11 बजे श्रीदेवनारायण मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित होगी। महामंत्री रतनदीप गुर्जर ने बताया कि बैठक में मासिक आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया जाएगा तथा मंदिर के विकास कार्य एवं सौंदर्यकरण सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की जाएगी।

## श्रृंगार, कीर्तन और उल्लास: केक काटकर मनाया अंजनी पुत्र का जन्मोत्सव, भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद लिया

खबरों की दुनिया



**देवली।** हनुमान जयंती के पावन पर्व पर देवली गांव रोड स्थित नेकचाल बालाजी मंदिर में भगवान बजरंग बली का जन्मोत्सव केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विशेष चोला चढ़कर हनुमानजी का मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को गुब्बारे और पुष्पों से सजाया गया। आयोजन से जुड़े महेश मंगल ने बताया कि जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने भजनों की स्वर लहरियों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में पुजारी नवीन शर्मा, संजय शर्मा, श्रद्धालु महेश मंगल, अमृत सिंहल, हनुमंत सिंह, आशुतोष शर्मा, रामराज माली, प्रमोद गोयल, रवि पंचोली, शत्रुघ्न शर्मा, दिलीप शर्मा, विवेक सोमानी, जगदीश माहेश्वरी, ज्योति स्वरूप और महेंद्र गोयल समेत मौजूद थे। इसी प्रकार हनुमान जयंती पर शहर के बावड़ी बालाजी मंदिर परिसर में बजरंगबली की विशेष और मनमोहक झांकी सजाई गई। इस अवसर पर शाम को भगवान हनुमान को भोग लगाने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए कड़े इंतजाम किए। अलसुबह से ही हनुमान भक्तों ने व्रत रखकर हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक, श्रीराम स्तुति और सुंदरकांड का पाठ किया। दिनभर मंदिरों में अंजनी पुत्र के जयकारे गूंजते रहे। शहर के अन्य प्रमुख मंदिर पंचमुखी बालाजी, नेवर बाग बालाजी, गंगागोरिया बालाजी, चिंताहरण बालाजी और पेट्रोल पंप स्थित बालाजी मंदिर में भी विशेष झांकियां सजाई गई। वहीं देवली गांव स्थित चारभुजानाथ मंदिर में विराजमान हनुमान जी के दर्शनों के लिए भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने पवन पुत्र के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# अतीत के झरोखे से भूली बिसरी यादें



## विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने किया डॉ. भारतीय का सम्मान

देवनानी पहले विधानसभाध्यक्ष है जिन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों को पूरा सम्मान दिया। विधानसभाध्यक्ष ने राज्य के चुने हुए पत्रकारो का सम्मान किया। लोकप्रिय 35 वर्ष पुराने अखबार दैनिक खबरों की दुनिया पर माननीय विधानसभाध्यक्ष का सदैव आशीर्वाद रहा। जब वे शिक्षामंत्री थे तब से लेकर विधानसभाध्यक्ष के पद पर रहते हुए उन्होंने हमारे समाचार पत्र को उचित सम्मान दिया। प्रधान संपादक डॉ. एलसी भारतीय को पत्रकारिता के क्षेत्र में 50 वर्ष से अधिक पूरे करने पर सम्मानित किया।



## डॉ. भारतीय ने की भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री तोखन साहू से मुलाकात

अलीगढ़ में आयोजित समारोह के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरिंदर सिंह, राजस्थान शाखा के अध्यक्ष एवं फेडरेशन के राजस्थान शाखा के अध्यक्ष डॉ. एलसी भारतीय ने भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के के राज्यमंत्री तोखन साहू से उनके निवास पर मिले। डॉ. एलसी भारतीय ने पगड़ी, शॉल एवं महाराणा प्रताप की मूर्ति भेंट कर साहू का अभिनन्दन किया। साहू ने खुद को महाराणा प्रताप का वंशज बताया था।



हवामहल से विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य के साथ डॉ. एलसी भारतीय।



राजस्थान मूल के गौरव केंद्रीय सूचना प्रसारण रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का राजस्थान से प्रेस परिषद के सदस्य रहे डॉ. एलसी भारतीय ने अभिनन्दन किया



भारत सरकार ने भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई को वित्त आयोग का अध्यक्ष मनोनीत करने पर ऑल इंडिया स्मॉल एवं मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन की राजस्थान ईकाई के अध्यक्ष एवं प्रेस परिषद के सदस्य रहे डॉ. एलसी भारतीय ने राजस्थानी पगड़ी पहनाकर तथा फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरिंदर सिंह ने शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया।



मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी गोविंद पारीक के साथ डॉ. एलसी भारतीय।

## स्ट्रासबर्ग संसद का दौरा : डॉ. एल. सी. भारतीय का विशेष अनुभव






## डॉ. एल. सी. भारतीय का दुबई दौरा




राष्ट्रपति सम्मानित, प्रख्यात शिक्षाविद्, वरिष्ठ पत्रकार, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य रहे डॉ. एलसी भारतीय पांच दिवसीय यूएई की यात्रा पर गए। डॉ. भारतीय ने दुबई का भ्रमण कर विभिन्न पर्यटन स्थल देखे जिनमें दुबई का मिराकल गार्डन व वर्ल्ड क्लास म्यूजियम प्रमुख है। म्यूजियम में आने वाले 20-50 वर्ष की परिकल्पना की गई है कि आने वाले 50 वर्षों में हमारा विश्व कैसा होगा। वास्तविकता का चित्रण किया गया है। डेजर्ट सफारी का भी लुफ्त लिया जिसमें रेगिस्थान में आधुनिक कारें दौड़ रहीं थी। सफारी के किनारे ऊंटों को पालने के लिए फार्महाउस बने हुए थे। एक जमाना था जब डेजर्ट रेगिस्थान में घुमाने के लिए रेगिस्थानी जहाज ऊंट का सहारा लिया था लेकिन आजकल आधुनिक कारें बन गई है। जिनमें बैठकर डजर्ट सफारी का आनंद लिया जा सकता है।



## खबरों की दुनिया परिवार ने किए थे अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन





जयपुर। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में खबरों की दुनिया परिवार ने श्रीराम मंदिर में जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन किए थे। प्रधान संपादक डॉ.एलसी भारतीय ने राममंदिर को निहारा और मंदिर की तारीफ की।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का अभिनन्दन करते डॉ. एलसी भारतीय।



स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123